सीएसआईआर – केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी - 333031 (राजस्थान)

सं. 35/37/2020-रा.भा.(स्थापना दिवस-2024) दिनांक 04.09.2024

सूचना

सीएसआईआर के 83वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में **27 सितम्बर, 2024** को संस्थान में सहकर्मियों के निम्नलिखित पात्रता वाले बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे -

1. सीएसआईआर कर्मचारियों के उन बच्चों को जिन्होंने वर्ष 2024 में प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर निम्नलिखित संस्थानों में प्रवेश लिया हो रु 1500/- प्रतिमाह की दर से छात्रवृति दी जाएगी :
   (क) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) में बी.टेक. या एकीकृत एम.एस.सी. पाठ्यक्रम,
   (ख) भारतीय प्रबंध संस्थानों (IIMs) में CAT द्वारा चयनित दो वर्षीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (PGP),
   (ग) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली तथा ए.एफ.एम.सी., पुणे में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में चयनित।

2. परिषद के सहकर्मियों के उन बच्चों को रु 3000/- का एकमुश्त नगद पुरस्कार, जिन्होंने वर्ष 2024 की सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा (12वीं कक्षा) में कम से कम तीन विज्ञान विषयों (प्रत्येक में) 90 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किए हों।.

3. परिषद के सहकर्मियों के उन बच्चों को रु 2000/- का नगद पुरस्कार जिन्होंने वर्ष 2024 की सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा (12वीं कक्षा) में किसी भी विज्ञान विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।

4. परिषद के सहकर्मियों के जो बच्चे बिन्दु सं. 2 व 3 में वर्णित पात्रता रखते हैं, उन्हें दोनों नगद पुरस्कार अलग अलग दिये जाएंगे।

संस्थान के समस्त सहकर्मियों से अनुरोध है कि यदि उनके बच्चे उपर्युक्तानुसार पात्रता रखते हों तो प्रमाण पत्रों/अंकतालिकाओं की स्वसाक्ष्यांकित प्रतियों (self attested copies) सहित अपने आवेदन पत्र दिनांक 09.09.2024 तक राजभाषा प्रकोष्ठ में भिजवाना सुनिश्चित करें।

4/9/2024

(रमेश बौरा)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. प्रभारी, एआईटीजी - कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें।
2. संबंधित फाइल
3. सूचना पट्ट